प्रेस नोट दिनांक 19-03-2026 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।

थाना टूण्डला पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा अपनी दुकान पर सो रहे तेजपाल की हत्या करने वाले अभियुक्त मुकेश को गिरफ्तार कर । कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल बांका व मूसल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा मु0अ0सं0 128/2026 अंतर्गत धारा 103(1) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त मुकेश पुत्र मुकट सिह निवासी जलोपुरा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण- दिनांक 16.03.2026 को वादी कौशल किशोर पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम उलाऊ थाना टूण्डला फिरोजाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पुर मु0अ0स0 128/2026 धारा 103(1) BNS पंजीकृत किया गया था। घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा थाना टूण्डला पुलिस एवं सर्विलांस टीम सहित 04 टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा घटनास्थल के आस-पास संदिग्ध रास्तों व सडक के किनारे प्रतिष्ठानो पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे आदि की फुटेज देखे गये थे एवं घटना से सम्बन्धित संदिग्ध मोबाइल नम्बरो को सर्विलांस टीम द्वारा गहनता से अध्ययन कर साक्ष्य संकलन किया गया तो अभियुक्त मुकेश पुत्र मुकट सिह निवासी जलोपुरा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में आया । थाना टूण्डला पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा दिनांक 19.03.2026 को राजा का ताल रोड से नागऊ कच्चे रास्ते से अभियुक्त मुकेश को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निंशादेही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक स्टील का बांका, एक लोहे का मूसल व घटना के समय पहनी एक शर्ट बरामद की गयी है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कराया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण- पुलिस द्वारा अभियुक्त मुकेश से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त मुकेश द्वारा बताया गया कि मेरे अपनी गांव की ही महिला से अवैध सम्बन्ध थे उसी महिला के घर तेजपाल का आना जाना था जब मुझे पता चला कि उस महिला से तेजपाल के भी अवैध सम्बन्ध हैं तो मैने महिला से कहा कि तेजपाल से सम्बन्ध खत्म कर दो तो उसने मुझसे ही सम्बन्ध खत्म कर दिये और बात करना बंद कर दिया। इसी बात से चिड़कर मैंने दिनांक 15/16.03.2026 की रात्रि में अपनी दुकान पर सो रहे तेजपाल की हत्या कर दी।

गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

दिनांक 19.03.2026 को समय करीब 10.20 बजे।

स्थान- राजा का ताल रोड से नागऊ जाने वाले कच्चे रास्ते से, थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मुकेश पुत्र मुकट सिह निवासी जलोपुरा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी-

1.स्टील का बांका (आलाकत्ल)।

2. लोहे का मूसल (आलाकत्ल)।

3.घटना के समय पहनी एक शर्ट।

अभियुक्त मुकेश का आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 128/2026 अंतर्गत धारा 103(1) बीएनएस थाना टूण्डला फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम--

1. प्र0नि0 श्री अनिल कुमार सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस सेल मय सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. निरीक्षक श्री प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी मय एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 शैलेन्द्र शर्मा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
5. का0 1565 भूरी सिह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 554 गौरब कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 681 हरवेन्द्र सिह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 62 आशीष ठेनुआ थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 559 आशीष राजपूत थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।